भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1887
दिनांक 30 जुलाई, 2026

भागलपुर में घरेलू गैस कवरेज और सिटी गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार

1887. **श्री अजय कुमार मंडलः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भागलपुर में उज्ज्वला योजना सहित घरेलू गैस कनेक्शनों के वर्तमान कवरेज का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सिटी गैस वितरण नेटवर्क के विस्तार का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पेट्रोलियम भंडारण और वितरण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष अभियान चलाया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) दिनांक 01.07.2026 तक बिहार के भागलपुर जिले में लगभग 7.35 लाख घरेलू एलपीजी कनेक्शन थे, जिनमें पीएमयूवाई के तहत 3.90 लाख कनेक्शन शामिल थे।

(ख) पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध कराना, सीएनजी स्टेशन स्थापित करना और पाइपलाइन अवसंरचना बिछाना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है और यह कार्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा अधिकृत कंपनियों द्वारा किया जाता है।

भागलपुर जिला लखीसराय, मुंगेर और भागलपुर जिलों के अंतर्गत आता है, जो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को अधिकृत हैं। दिनांक 31.05.2026 तक, अधिकृत सीएनजी कंपनी ने इस क्षेत्र में 12,861 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए हैं, 12 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं और 1,215 पाइपलाइन (इंच-किमी) बिछाई हैं।

(ग) भारत सरकार (जीओआई) ने इंडियन स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) नामक एक विशेष प्रयोजन की कंपनी के माध्यम से चरण-I में तीन स्थानों अर्थात् (i) विशाखापत्तनम, (ii) मंगलुरु और (iii) पादुर पर कच्चे तेल की कुल 5.33 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) क्षमता वाली कार्यनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व (एसपीआर) सुविधाएं स्थापित की हैं।

जुलाई 2021 में, सरकार ने चरण-II में ओडिशा और कर्नाटक में कुल 6.5 मिलियन मीट्रिक टन भंडारण क्षमता वाली दो अतिरिक्त वाणिज्यिक-सह-कार्यनीतिक पेट्रोलियम भंडार सुविधाओं की स्थापना को भी मंजूरी दी थी।

दिनांक 01.07.2026 तक, पूरे देश में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (ओएमसीज़) की कुल 25,611 एलपीजी वितरक इकाइयाँ कार्यरत हैं, जिनमें बिहार के भागलपुर जिले की 58 एलपीजी वितरक इकाइयाँ शामिल हैं। इन इकाइयों को देश भर में स्थित ओएमसीज़ के 214 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों के माध्यम से सेवा प्रदान की जाती है। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में एलपीजी की पहुँच में सुधार लाने के उद्देश्य से, ओएमसीज़ ने दिनांक 01.04.2016 से 30.06.2026 के बीच पूरे देश में 8045 वितरक इकाइयाँ शुरू की हैं, जिनमें से 7452 (अर्थात 93%) ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करती हैं।

दिनांक 01.07.2026 को, पीएसयू ओएमसीज़ के पास देश भर में 93,782 खुदरा विक्रय केंद्रों का नेटवर्क है, जिसमें भागलपुर जिले में 103 खुदरा विक्रय केंद्र शामिल हैं।

(घ) सरकार ने विभिन्न उद्देश्यों के साथ स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कई पहलें की हैं, जिनमें आयात पर निर्भरता कम करना, विदेशी मुद्रा की बचत करना, घरेलू कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना और संबंधित पर्यावरणीय लाभ शामिल हैं। इनमें से कुछ पहलों में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण, सतत पहल (वहनीय परिवहन के लिए संधारणीय पहल), विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) में संधारणीय विमानन ईंधन (एसएएफ) का मिश्रण और राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शामिल हैं।

*****